CM RISE
नए क्षितिज

डिजिटल शिक्षक प्रशिक्षण

# मार्गदर्शिका

Version 2.0

August 2020



राज्य शिक्षा केंद्र

स्कूल शिक्षा विभाग (म. प्र.)

समग्र शिक्षा

म.प्र. राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

एनआईसी National Informatics Centre

peepul

DIKSHA


CM Rise कोर्स कैसे शुरू करूं ?
दीक्षा एप कैसे डाउनलोड करूं?
कौन मदद करेगा ?
प्रमाण पत्र कैसे मिलेगा?


यह सब आसान है, मैं आपकी मदद करूँगा!
एक एक कर हम सभी बिन्दुओं पर बात करेंगे।

# विषय सूची


| | |
|---|---|
| प्रस्तावना | 4 |
| दीक्षा एप डाउनलोड करना | 6 |
| प्रारंभिक जानकारी दर्ज करना | 10 |
| दीक्षा एप पर लॉग इन करना | 12 |
| कोर्स प्रारंभ करना | 17 |
| कोर्स पूर्ण होना | 21 |
| प्रमाण-पत्र प्राप्त करना | 23 |
| विभिन्न भूमिकाएं | 25 |
| CM Rise कार्यक्रम और शैक्षिक संवाद | 28 |
| क्या करें और क्या नहीं | 29 |
| सामान्यत: पूछे जाने वाले प्रश्न | 30 |
| सामान्य समस्याएं और उनका समाधान | 35 |
| सहायता | 39 |

# प्रस्तावना

## डिजिटल प्रशिक्षण से कक्षा तक का सफ़र

यदि मुझे कोई मौखिक रूप से बताए कि एक दुपहिया वाहन किस तरह चलाया जाता है या मोबाइल पर कोई एप कैसे डाउनलोड किया जाता है तो शायद उसके अनुप्रयोग (खुद करके देखना) के बिना कुछ समय बाद में ये दोनों कार्य भूल भी सकता हूँ शायद आप भी मुझसे सहमत होंगे? ठीक उसी प्रकार किसी विषय पर डिजिटल कोर्स पूर्ण कर यदि इसे अपने चिंतन और कक्षा में अनुप्रयोग से ना जोड़ा तो यही स्थिति कोर्स की भी हो सकती है। अतः प्रत्येक कोर्स को पूर्ण करते समय उसे अपनी कक्षा में उसके अनुप्रयोग और बच्चों के साथ जोड़कर देखना अत्यंत आवश्यक है।

इस डिजिटल प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य भी तो यही है कि हमारे शिक्षक बच्चों को सीखने सिखाने कि विधियों में और अधीक निपुण कैसे हो।

ज्ञान प्राप्त करना और उसे बच्चों तक पहुँचाना दो अलग अलग विषय है और यह दोनो ही महत्वपूर्ण है। अतः शिक्षक द्वारा अपने ज्ञान व कौशल को प्रशिक्षणों, कक्षा अनुभवों व स्वअध्ययन से लगातार पोषित किया जाए जिससे इनके अनुप्रयोग से बच्चों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया जा सके।

**CM Rise डिजिटल शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम** स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। प्रदेश में यह महत्वाकांक्षी कार्यक्रम 1 मई 2020 को प्रारंभ हुआ।

इसका उद्देश्य **शिक्षकों को डिजिटल माध्यम से गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण प्रदान** करते हुए, उनकी दक्षताओं का उन्नयन करना है, जिससे वे स्वयं, उनकी शाला तथा शाला के समस्त बच्चे लाभान्वित हो सकें।

CM Rise कार्यक्रम अंतर्गत यह डिजिटल प्रशिक्षण भारत सरकार के '**दीक्षा पोर्टल**' की सहायता से प्रदान किया जा रहा है।

इसके लिए हमें चाहिए **मोबाइल, इंटरनेट और दीक्षा एप**

मोबाइल और इंटरनेट तो आपके पास है ही चलिए जानते हैं दीक्षा एप के बारे में....




शुरू करते हैं दीक्षा एप डाउनलोड से...

# दीक्षा एप डाउनलोड करना

CM Rise प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसी भी कोर्स को करने हेतु आपके पास मोबाइल, इंटरनेट और ‘दीक्षा एप’ होना चाहिए।

आप सीधे गूगल प्ले स्टोर से इसे डाउनलोड कर सक है।








अब बात करते हैं कोर्स शुरू करने के बारे में...
CM Rise कोर्स तक पहुँचने के दो तरीके हैं।
1. दीक्षा एप के 'सर्च' विकल्प से।
2. व्हाट्सएप मेसेज की 'कोर्स लिंक' से।

# दीक्षा से कोर्स करने हेतु हमेशा दीक्षा एप को ही चुनें



# दीक्षा एप के सर्च विकल्प से

'सर्च' विकल्प के माध्यम से कोर्स की खोज करने से पूर्व हमें दीक्षा एप पर कुछ प्राथमिक जानकारियाँ दर्ज करनी होंगी।



आइए जानते हैं उन्हीं के बारे में...

# प्रारंभिक जानकारी दर्ज करना

DIKSHA


दीक्षा एप खोलने पर कुछ सामान्य **प्रारंभिक जानकारी** उपयोगकर्ता से पूछी जाती हैं।

**आइए देखते हैं क्या और कैसे दर्ज करना है।**

## (भाषा का चयन)



# प्रारंभिक जानकारी दर्ज करना (भूमिका, राज्य, भाषा का चयन)



# दीक्षा एप लॉग इन करना

हम इस भाग में दीक्षा एप पर
लॉग-इन करने की प्रक्रिया जानेंगे।



जब आप कोर्स की लिंक पर क्लिक करेंगे तो आपको **<u>कोर्स का पेज दीक्षा एप पर</u>** दिखाई देगा।

# दीक्षा पर लॉग इन

## (कोर्स में भाग लिजिए एवं लॉग इन करें बटन)

**CM RISE- डिजिटल शिक्षक प्रशिक्षण | मध्य प्रदेश**

द्वारा Madhya Pradesh

कोर्स मे भाग लिजिए

**कोर्स की जानकारी** | कोर्स अनुभाग

This course doesn't have a certificate

**यह कोर्स शिक्षकों के लिए प्रासंगिक हैं:**

कक्षा : Class 1, Class 2, Class 3, Class 4, Class 5, Class 6, Class 7, Class 8

विषय: Training

माध्यम : Hindi

**कोर्स विवरण**

इस कोर्स के माध्यम से आप CM RISE शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानेंगे| साथ ही इस कोर्स द्वारा आप प्रशिक्षण के विभिन्न भागों और प्रक्रियाओं के बारे में भी जान पाएंगे| CM RISE -डिजिटल शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को डिजिटल

**लॉग इन करें**

कोर्स जानकारी के लिए लॉग इन करें

कोर्स केवल पंजीकृत उपयोगकर्ताओं के लिए हैं

लॉग इन करें


# दीक्षा पर लॉग इन

# (Login with State system)


दीक्षा एप पर लॉग इन केवल **“Login with state system’** से ही किया जाना है।

इस लॉग इन में आपको विभाग द्वारा दी गई अपनी **“यूनिक आईडी”** और **“पासवर्ड”** की आवश्यकता होगी।

यह **“यूनिक आईडी”** और **“पासवर्ड”** वही है जो आप **M-Shiksha Mitra App** पर उपयोग करते हैं।




# दीक्षा पर लॉग इन




मध्यप्रदेश राज्य का चयन व यूनिक आईडी (यूजर नेम) से लॉग इन


अनिवार्यत: विभाग द्वारा दी गई अपनी "यूनिक आईडी" और "पासवर्ड" ही डाले



# दीक्षा पर लॉग इन

**‘प्रोफाइल पेज’ - यूनिक आईडी (यूजर नेम) से लॉग इन करने पर**




**‘प्रोफाइल पेज’ – अन्य माध्यमों से लॉग इन करने पर**

# कोर्स प्रारंभ करना


**इस भाग में हम जानेंगे कि कोर्स को कैसे प्रारंभ कर सकते हैं........**



सफलता पूर्वक लॉग इन करने के बाद आपके सामने कोर्स का पेज पुनः आ जायेगा।

***यदि कोर्स का पेज स्क्रीन पर ना आए तो आप*** **एप में उपलब्ध सर्च विकल्प के द्वारा भी कोर्स तक पहुँच सकते हैं।**

# कोर्स प्रारंभ करना (स्क्रीन पर यह विकल्प कैसे खोलेंगे)
# (“सीखना शुरू करें” पर क्लिक करें)




## (“चलाएं” पर क्लिक करें)




# कोर्स प्रारंभ करना (सर्च विकल्प के द्वारा)




जैसा हमने पहले कहा था कि आप कोर्स को सर्च विकल्प के माध्यम से भी खोज सकते हैं, आइए देखते हैं कैसे...


स्क्रीन पर नीचे की ओर प्रशिक्षण आइकॉन पर क्लिक करें




यहाँ 'सर्च वाले भाग में लिखें "CM Rise' और सर्च करें




# कोर्स प्रारंभ करना
# (“CM Rise’ लिखकर सर्च करने पर कोर्स की सूची)






# कोर्स पूर्ण होना




इस कार्यक्रम के प्रथम कोर्स में दो वीडियो हैं, आगामी कोर्स में वीडियो, आलेख, प्रश्नोत्तरी भी कोर्स के भाग होंगे।

सफलता पूर्वक कोर्स समाप्त होने पर मोबाइल स्क्रीन पर सूचना प्राप्त होगी।

# कोर्स पूर्ण होना



Dear **ashish verma**,

**Congratulations!**


You have successfully completed the training, **CM RISE- डिजिटल शिक्षक प्रशिक्षण|मध्य प्रदेश**.

Your effort is highly appreciated!

*Note: Refer instructions given below to download your certificate and digitally verify it.*

Regards,
Rajya Shiksha Kendra, School Education Department, Madhya Pradesh



QP-INDKSH

1:56 AM

Congratulations! You have successfully completed the training, CM RISE- ?????? ?????? ??? ??????|???? ??????. You can download your certificate from the profile page.


## प्रमाण-पत्र प्राप्त करना

इस कार्यक्रम में सफलता पूर्वक कोर्स पूर्ण करने पर प्रमाण-पत्र का प्रावधान है।

**ये प्रमाण-पत्र कोर्स पूरा होने के बाद अधिकतम 7 दिवस में जारी किए जाते हैं।**

**इसके लिए अपने दीक्षा एप के प्रोफाइल आइकॉन पर क्लिक करें।**



**कोर्स के नाम के सामने से सर्टिफिकेट डाउनलोड करें।**



# प्रमाण-पत्र


मध्य प्रदेश शासन

प्रमाणपत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि

Rajesh Choudhary ने

08 May 2020 को

CM RISE- डिजिटल शिक्षक प्रशिक्षण|मध्य प्रदेश

कोर्स पर प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

DIKSHA

आयुक्त, राज्य शिक्षा केन्द्र

D6K9V6

Scan to verify certificate

महत्वपूर्ण – प्रमाण-पत्र जारी होने में अधिकतम 7 दिवस का समय लग सकता है।

---

कुछ मोबाइल डिवाइस में प्रमाण-पत्र डाउनलोड हो जाने पर स्वतः नहीं खुलता है, इसके लिए अपने मोबाइल के डाउनलोड फोल्डर को देखें

# शिक्षकों की भूमिका

## शिक्षकों की भूमिका:

- **शाला प्रमुख** सुनिश्चित करे कि सभी शिक्षक (विभाग के निर्देशानुसार) इस कार्यक्रम में भाग ले।
- DigiLEP ग्रुप पर आने वाले प्रशिक्षण कोर्स के संदेश/डैशबोर्ड/पोस्टर अनुसार आगे बढ़ेंगे।

## कोर्स पूर्ण होते ही:

- कोर्स के प्रत्येक भाग की सीख को बिन्दुवार डायरी में नोट करेंगे एवं उसके अनुसार आगामी योजना बनायेंगे।
- सीखने के प्रतिफल हेतु उपलब्ध **टीचर हेंडबुक** पर चिंतन करेंगे।
- प्रशिक्षण के अनुभवों को अन्य साथी शिक्षकों से सोशल मीडिया के माध्यम से एवं शैक्षिक संवाद के दौरान साझा करेंगे।
- कोर्स के अनुभवों और सीख को अपनी कक्षा व शाला के बच्चों के साथ जोड़कर कार्य करेंगे।

# डाइट की भूमिका

- डाइट के सभी (प्राचार्य एवं फेकेल्टी) द्वारा सर्वप्रथम कार्यक्रम के प्रत्येक कोर्स (राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा निर्देशित) को पूर्ण करेंगे।

## उन्मुखीकरण:

- VC के माध्यम से डाइट प्रशिक्षण प्रभारी/ ए.डी.पी.सी. RMSA एवं APC अकादमिक द्वारा ज़िले व विकासखंड व जनशिक्षा केंद्र के अधिकारियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम चरणों में करेंगे।

## मॉनिटरिंग और सहयोग:

- ज़िला, विकासखंड, संकुल/जनशिक्षा केंद्र स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने हेतु संचार माध्यमों से प्रेरित करेंगे।
- VC द्वारा सतत रूप से डिजिटल प्रशिक्षण पर शिक्षकों का अकादमिक संबलन करेंगे।
- डैशबोर्ड की सतत समीक्षा कर उचित कदम उठाएंगे।
- शाला भ्रमण के दौरान प्रशिक्षण डायरी का अवलोकन एवं शिक्षक की सीख का कक्षाओं में उपयोग सुनिश्चित करेंगे।

# डीईओ, डीपीसी एपीसी अकादमिक की भूमिका

- डीपीसी यह सुनिश्चित करे कि राज्य DigiLEP WhatsApp ग्रुप से CM Rise कार्यक्रम के मैसेज/पोस्टर/डैशबोर्ड इत्यादि को **एपीसी अकादमिक द्वारा** प्रतिदिन ज़िले स्तर के DigiLEP समूह में साझा किया जाए।
- एपीसी अकादमिक यह सुनिश्चित करे कि ज़िला DigiLEP समूह से सभी **जनशिक्षक** इन मैसेज/पोस्टर/डैशबोर्ड इत्यादि को शिक्षक स्तर के सभी DigiLEP WhatsApp ग्रुप तक अनिवार्यतः नियमित रूप से भेजे।

**उन्मुखीकरण:** एडीपीसी व एपीसी अकादमिक उन्मुखीकरण में सहयोग करेंगे।

**मॉनिटरिंग और सहयोग:**

- सुनिश्चित करना कि प्रत्येक कोर्स ज़िला, विकासखंड व संकुल/जनशिक्षा केंद्र स्तर के अधिकारियों द्वारा पूर्ण किया जाए।
- प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी शासकीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों के साथ उचित समन्वय करना।
- VC द्वारा सतत रूप से डिजिटल प्रशिक्षण पर शिक्षकों का अकादमिक संबलन किया जाए।
- डैशबोर्ड की समीक्षा कर उचित कदम उठाना।

# CM Rise कार्यक्रम और शैक्षिक संवाद

CM Rise कार्यक्रम अंतर्गत प्राप्त अकादमिक अनुभवों को अन्य शिक्षकों से साझा करने का एक सशक्त माध्यम "शैक्षिक संवाद" ही है।

शाला स्तर, जनशिक्षा केंद्र, विकासखंड एवं ज़िला स्तर के WhatsApp समूहों तथा विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से निम्न कार्य किये जा सकते है -

1. प्रत्येक कोर्स के संबंध में अपनी लर्निंग व अनुभवों को साझा करना और साथी शिक्षकों की प्रतिक्रियाएं जानना।

2. कोर्स से आपने क्या सीखा और इसे बच्चों, कक्षा और अपनी शाला में लागू करने हेतु प्रेरित करना?

3. कोर्स पूर्ण करने से आपके कौशल में क्या वृद्धि हुई इसे साझा करना?

4. जनशिक्षा केंद्र स्तर पर कोर्स से संबंधित क्विज़, प्रश्नोत्तरी या अन्य कोई नवाचारी सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का आयोजन करना?

5. कोर्स पर आधारित स्वयं के नोट्स के फ़ोटो को अन्य शिक्षक साथियों से साझा करें।

6. एक दूसरे की जिज्ञासाओं और प्रश्नों के स्थानीय स्तर पर समाधान खोजना।

# क्या करें और क्या नहीं

| क्या करें | क्या नहीं करें |
|---|---|
| लॉग इन केवल दीक्षा एप से ही करें। **दीक्षा में लॉग इन के लिए "Login with state system"** ही चुनें। | मोबाइल के ब्राउज़र या अन्य माध्यम से लॉग इन नहीं करें। |
| केवल यूनिक आईडी से ही लॉग इन करें अन्यथा प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं होंगे। | गूगल आईडी या अन्य विकल्प से लॉग इन ना करें। |
| अपने whatsapp समूह और SMS को समय समय पर देखते रहें, प्रशिक्षणों की जानकारी वहीं से प्राप्त होगी। | **M-Shiksha Mitra एप** में उपलब्ध दीक्षा एप के आइकॉन का प्रयोग ना करें वह उपयोगकर्ता को ब्राउज़र में ले जाता है। |
| **सक्रिय रूप से सीखें**<br>• अपनी गति से कोर्स पूर्ण करें।<br>• छोटे छोटे हिस्सों में आगे बढ़ें ।<br>• महत्वपूर्ण बिंदुओं को अपनी **डायरी** में लिखें।<br>• क्या सीखा इस पर **चिंतन** करें। | **कोर्स करते समय...**<br>• एक ही बार में कोर्स को पूर्ण करने का प्रयास ना करें।<br>• प्रमाण-पत्र मात्र के लिए कोर्स को पूर्ण ना करें । |
| **अपने अनुभव साझा करें**<br>• अनुभवों को अन्य साथी शिक्षकों से शिक्षा से जुड़े whatsapp समूहों पर साझा करें। शैक्षिक संवाद के दौरान इन अनुभवों को साझा करें। | • कोर्स पूर्ण करने मात्र को प्रतियोगिता के रूप में ना लें । |

# सामान्यतः पूछे जाने वाले प्रश्न

### 1) क्या CM Rise शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम सभी शिक्षकों के लिए है ?

यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश के सभी शिक्षकों (1 से 12), जनशिक्षकों, BAC, BRC, CRC, APC सहित सभी जिला, डाइट तथा शैक्षणिक संस्थानों (IASE, CTE, SISE) में पदस्थ अधिकारियों के लिए है। राज्य स्तर से कोर्स के लिए यह सूचित किया जायेगा कि यह कोर्स किन्हें करना है।

### 2) CM Rise कार्यक्रम के लिए क्या साधन आवश्यक हैं ?

प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए मोबाइल, इंटरनेट तथा दीक्षा एप आवश्यक है। इंटरनेट की स्पीड 1 – 1.5 Mbps होगी तो सभी कोर्स आसानी से पूर्ण किये जा सकते है।

### 3) दीक्षा एप को कैसे डाउनलोड किया जा सकता है ?

गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से अथवा DigiLEP समूह में राज्य से साझा की गयी लिंक के माध्यम से दीक्षा को डाउनलोड किया जा सकता है।

### 4) दीक्षा में लॉग इन कैसे करें ?

दीक्षा में लॉग-इन “Login with State System” के माध्यम से यूनिक आईडी के द्वारा किए जा सकते हैं। अन्य तरीकों का प्रयोग ना करे।

**5) क्या M- शिक्षा मित्र के माध्यम से Diksha app को लॉग इन किया जा सकता है ?**

M- शिक्षा मित्र में दीक्षा हेतु आइकॉन दिया गया है, किन्तु उसके माध्यम से उपयोगकर्ता मोबाइल ब्राउज़र में पहुँच जाता है, इसलिए उसका उपयोग ना करें। दीक्षा तकनीकी टीम द्वारा सुझाव दिया गया है कि दीक्षा को एप पर ही ओपन करे ना की ब्राउज़र पर।

**6) दीक्षा एप पर लॉग इन करने के लिए क्या नई आईडी पासवर्ड प्राप्त होंगे ?**

नहीं, दीक्षा एप पर एजूकेशन पोर्टल लॉग इन यूनिक आईडी और पासवर्ड के माध्यम से लॉग इन किया जाएगा। जो विभाग द्वारा आपको दी गई है।

**7) यदि आप आपने यूनिक आईडी पासवर्ड भूल गए हैं तो क्या करें ?**

आप एजूकेशन पोर्टल के माध्यम से उन्हें रिसेट कर सकते हैं, यदि फिर भी समस्या हो तो अपने ब्लाक MIS या जिले के प्रोग्रामर से संपर्क करें।

**8) क्या दीक्षा एप पर "Login with state system" के स्थान पर अन्य माध्यम से login करने पर सर्टिफिकेट प्राप्त होगा ?**

नहीं

# सामान्यतः पूछे जाने वाले प्रश्न

### 9) Login करने पर स्क्रीन पर Teacher, Student एवं Other प्रदर्शित हो रहे है हमें किसका चयन करना है ?

मध्य प्रदेश के सभी शिक्षक, डाइट स्टाफ एवं अधिकारी शिक्षक की भूमिका में दीक्षा पर लॉग इन करे।

### 10) CM Rise कोर्स तक कैसे पहुंचे और उसे प्रारंभ करें ?

राज्य द्वारा भेजे गए मेसेज में कोर्स की लिंक के माध्यम से या आप दीक्षा एप में लॉग इन कर 'प्रशिक्षण' में CM Rise को सर्च/खोजते हुए भी कोर्स तक पहुँच सकते हैं। कोर्स के पेज पर उपलब्ध 'कोर्स ज्वाइन करें' के माध्यम से कोर्स प्रारंभ कर सकते हैं।

### 11) क्या कोर्स को एक ही बार में पूर्ण करना है ?

बिलकुल नहीं प्रत्येक कोर्स को आप अपनी गति और सुविधा अनुसार पूर्ण कर सकते हैं।

### 12) कोर्स पूर्ण करने के कितने समय बाद प्रमाण-पत्र प्राप्त होगा ?

कोर्स पूर्ण करने के बाद अधिकतम 7 दिवस में प्रमाण-पत्र जारी किए जाते हैं।

# सामान्यत: पूछे जाने वाले प्रश्न

### 13) दीक्षा पर अन्य राज्य के कोर्स भी दिखाई दे रहे हैं क्या इन्हें भी किया जा सकता है?

दीक्षा राष्ट्रीय स्तर का पोर्टल होने के कारण उस पर अन्य राज्यों के कोर्स भी उपलब्ध होते हैं,आवश्यकता होने पर कोई भी शिक्षक इन कोर्स को कर सकते हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा वर्तमान में दीक्षा पर CM Rise कार्यक्रम अंतर्गत ही कोर्स संचालित हैं तथा राज्य द्वारा केवल इन्ही कोर्स हेतु प्रमाण-पत्र दिए जाने का प्रावधान है।

### 14) क्या प्रमाण-पत्र जारी होने के सम्बन्ध में कोई पूर्व सूचना प्राप्त होगी ?

हाँ, उपयोगकर्ता को अपने मोबाइल पर SMS के द्वारा तथा ईमेल से सूचना दी जाती है।

### 15) प्रमाण-पत्र को कहाँ से डाउनलोड किया जा सकेगा?

प्रमाण-पत्र को उपयोगकर्ता अपने मोबाइल के दीक्षा एप में उपलब्ध प्रोफाइल पेज से डाउनलोड कर सकते हैं।

### 16) CM Rise तथा दीक्षा एप पर किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर हम कहाँ संपर्क करें ?

जनशिक्षक, डाइट प्रशिक्षण प्रभारी, एडीपीसी, ए.पी.सी. अकादमिक जिले के प्रोग्रामर से संपर्क करें।

# सामान्यतः पूछे जाने वाले प्रश्न

**17) मैं यह कैसे पुष्ट कर सकता हूँ कि मैंने सही लॉग इन किया है ?**

इसके लिए आपको लॉग इन के पश्चात अपनी प्रोफाइल पेज को देखना होगा जहाँ आपको गोल घेरे में अपने नाम का प्रथम अक्षर दिखाई देगा, जिस पर हरे रंग से सही का निशान प्रदर्शित हो रहा होगा साथ ही आपके नाम एवं पदस्थ संस्था के सामने एक छोटा सा चिन्ह प्रदर्शित होगा जिसपर क्लिक करने पर "राज्य अभिलेख के अनुसार" लिखा प्राप्त होगा। यदि उपरोक्तानुसार आप प्रोफाइल स्क्रीन देख पा रहे हैं तो इसका अर्थ है कि आपने सही लॉग इन किया है।

# सामान्य समस्याएं और उनका समाधान

**1) उपयोगकर्ता यूनिक आईडी एवं पासवर्ड भूल गए है अथवा यूनिक आईडी एवं पासवर्ड रिसेट करने पर OTP प्राप्त नहीं हो रहा है।**

कृपया अपने जिले के प्रोग्रामर या स्थानीय ब्लाक MIS से संपर्क करें।

**2) कोर्स पूर्ण करने के बाद कोर्स की प्रगति 100% प्रदर्शित नहीं हो रही है।**

दीक्षा पर कोर्स की प्रगति अपडेट होने में कुछ समय लगता है, यह समय दीक्षा पर उपयोगकर्ताओं की संख्या के आधार पर बढ़ भी सकता है, यदि आपने एक बार कोर्स को पूरा कर लिया है और आपकी स्क्रीन पर "**आपने प्रशिक्षण सफ़लता पूर्वक पूर्ण किया है**" संबंधी सूचना आ गयी हो तो कुछ समय प्रतीक्षा करें। एक बार कोर्स को पूरा करने के बाद उसे दोबारा करने का प्रयास तत्काल ना करें।

**3) कोर्स की प्रगति अपने आप कम या ज्यादा प्रदर्शित होती है। ऐसा क्यों?**

यदि उपयोगकर्ता कोर्स को बार-बार दोहराते है तो इस स्थिति में यह समस्या आती है, इसलिए कोर्स को तत्काल बार-बार करने का प्रयास ना करें, यदि आपने एक बार कोर्स पूर्ण कर लिया है तो उसकी प्रगति कुछ समय में पूर्ण दिखाई देने लगेगी।

# सामान्य समस्याएं और उनका समाधान

**4) कुछ शिक्षक प्रश्नोत्तरी सबमिट नहीं कर पा रहे है। जिसके कारण कोर्स पूर्ण नहीं हो पा रहा है।**

1. दीक्षा एप्लीकेशन केवल एंड्राइड मोबाइल पर चलता है किसी अन्य ऑपरेटिंग सिस्टम पर नहीं।
2. कृपया ये भी ध्यान रखें कि मोबाइल का एंड्राइड वर्जन 5.0 से अधिक हो।
3. यदि फिर भी समस्या बनी रहे तो अपने परिवार या साथी के किसी अन्य मोबाइल पर एक बार प्रयास करके देखें।

---

**5) मेरा दैनिक डाटा जल्द समाप्त हो जाता है, मैं एक ही बैठक में कोर्स को पूरा नहीं कर पाता हूं, मुझे क्या करना चाहिए ?**

CM Rise कार्यक्रम अंतर्गत शिक्षक अपनी गति अनुसार कोर्स को पूरा कर सकते हैं, सामान्यतः किसी कोर्स को पूरा करने हेतु लगभग 5 से 7 दिन का समय उपलब्ध होता है। अतः इस समय का रचनात्मक प्रयोग करते हुए आप कोर्स को अपनी सुविधा अनुसार पूरी तरह से समझकर पूर्ण कर सकते हैं।

---

# सामान्य समस्याएं और उनका समाधान

**6) दीक्षा के उपयोगकर्ता प्रोफाइल पेज पर मेरा नाम गलत है और सर्टिफिकेट भी गलत नाम से ही जारी हुआ है, इसे कैसे ठीक कराया जा सकेगा।**

कोर्स प्रारंभ करने के पहले अपने प्रोफाइल को ध्यान से देख लें यदि इसमें किसी प्रकार की भिन्नता हो तो अपने स्थानीय ब्लाक MIS या जिला प्रोग्रामर से संपर्क करें।

---

**7) सर्टिफिकेट डाउनलोड कैसे कर सकते हैं ?**

उपयोगकर्ता को कोर्स पूर्ण करने के तत्काल बाद प्रमाणपत्र जारी नहीं होते हैं इसमें अधिकतम 7 दिवस का समय लगता है। प्रमाणपत्र जारी होने पर उपयोगकर्ता को SMS और ईमेल के माध्यम से दीक्षा पोर्टल की ओर से सूचना प्राप्त होती है। सूचना प्राप्त होने के बाद उपयोगकर्ता दीक्षा एप के प्रोफाइल वाले भाग में जाकर डाउनलोड बटन द्वारा प्रमाणपत्रों को डाउनलोड कर सकता है। यदि उपयोगकर्ता को वहाँ डाउनलोड बटन दिखाई ना दे तो कृपया दीक्षा एप को गूगल प्ले स्टोर में जाकर अपडेट कर लें और पुनः प्रयास करें। कुछ मोबाइल में डाउनलोड हो जाने पर भी प्रमाणपत्र अपने आप स्क्रीन पर प्रदर्शित नहीं होते हैं अतः ऐसी स्थिति में अपने मोबाइल के डाउनलोड फोल्डर में जाकर प्रमाणपत्र को प्राप्त किया जा सकता है।

**8) यदि Diksha app पर कोर्स से संबंधित कोई तकनीकी समस्या आती है तो इनका समाधान कैसे प्राप्त कर सकते है ?**

इसके लिए उपयोगकर्ता को कुछ जानकारियाँ उपलब्ध करानी होंगी

1. शिक्षक का नाम, यूनिक आईडी और रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर
2. दीक्षा एप पर शिक्षक के प्रोफाइल पेज का स्क्रीनशॉट
3. मोबाईल की जानकारी- माडल,ब्रांड, एंड्राइड वर्जन
4. Diksha एप का वर्जन
5. क्या शिक्षक ने "Login with state system" से लॉगइन किया है या खुद के मोबाइल/ Gmail से
6. कोर्स का नाम एवं लिंक
7. कोर्स पेज का स्क्रीनशॉट जहाँ पर कोर्स की लिस्ट दिखाई देती है

**9) मैंने अपने आप को Diksha एप पर "Login with state system" के अतिरिक्त अन्य माध्यम से लॉग इन किया है और अब में "Login with state system" से लॉग इन करना चाहता हूँ, यह कैसे करूँ?**

यदि आपने अन्य किसी माध्यम से Diksha app पर लॉग इन किया है और अब आप "Login with state system" से लॉग इन करते हैं तो आपको स्क्रीन पर "Marge account" का ऑप्शन प्राप्त होगा जिसे आप स्वीकार कर अपने अन्य अकाउंट को "Login with state system" के साथ merge कर अपना कोर्स पूर्ण कर सकते है।

# सहायता

- सबसे पहले स्वयं इस मार्गदर्शिका को अच्छे से पढ़ें।
- अपनी समस्या के समाधान हेतु पहले स्वयं दो तीन बार प्रयास करें।
- फिर भी समस्या का समाधान ना हो तो जनशिक्षक से बात करें।
- यदि समस्या का हल फिर भी ना हो तो नीचे दिए गए अधिकारियों से संपर्क करे।

## अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें...



डाइट प्रशिक्षण प्रभारी, एडीपीसी, एपीसी अकादमिक , जनशिक्षक



ज़िला प्रोग्रामर, ब्लॉक एमआईएस